प्रश्न सं. [क्र. 114]

परिशिष्ट

विधानसभा तारांकित प्रश्न क्रमांकः 114 द्वारा श्रीमती निर्मला सप्रे की जानकारी

विधानसभा बीना मे खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा किये गये

कार्यों की जानकारी

क्र.	आयोजन / गतिविधियों की जानकारी	विवरण
1	ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर	विधानसभा क्षेत्र बीना के खिलाड़ियों को प्रतिवर्ष 01 मई से 30 जून के मध्य 30 दिवसीय खेल प्रशिक्षण शिविर का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है।
2	प्रतियोगिताओं का आयोजन	संचालनालय से प्राप्त दिशा-निर्देशानुसार प्रतिवर्ष खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाता है। माह सितम्बर 2023 में आयोजित खेलों एम.पी. यूथ गेम्स राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बीना विधानसभा से फुटबॉल, कबड्डी, टेबल-टेनिस, शतरंज एवं कुश्ती खेल में बालक/बालिका खिलाड़ियों द्वारा सहभागिता की गई। शतरंज एवं कुश्ती खेल मे खिलाड़ियों द्वारा पदक अर्जित किये गये।
3	टेलेन्ट सर्च	खेल और युवा कल्याण विभाग भोपाल द्वारा 18 खेलों की अकादमियों हेतु प्रतिवर्ष टेलन्ट सर्च का आयोजन कराया जाता है। **उपलब्धि** –सागर जिले की बीना विधानसभा से एथलेटिक्स खेल की अकादमी हेतु कु.आस्था रजक एवं काजल रजक का चयन हुआ। दोनों की खिलाड़ी राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता ओपन एवं शालेय में स्वर्ण पदक अर्जित किया है।
4	विधायक कप का आयोजन	माननीय विधायक महोदय की अनुशंसा उपरांत 01 खेल में बालक एवं बालिका वर्ग मे खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाता है। गत वर्ष कुश्ती खेल का आयोजन कराया गया।
5	**खेलों को बढ़ावा देने हेतु संघ/संस्थाओं को खेल सामग्री प्रदाय**	
अ	बजरंग व्यायाम शाला बीना को कुश्ती मेट्स प्रदाय	विधानसभा क्षेत्र बीना मे खेलों को बढ़ावा देने हेत खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा बजरंग व्यायाम शाला बीना को कुश्ती मेट्स प्रदाय किये गये, खिलाड़ियों द्वारा मेट्स पर प्रशिक्षण प्राप्त कर निम्नानुसार खिलाड़ियों द्वारा पदक अर्जित किये गये। 1. विधि यादव – राष्ट्र स्तरीय कुश्ती शालेय प्रतियोगिता – स्वर्ण पदक 2. हर्षिता प्रजापति– राज्य स्तरीय कुश्ती शालेय प्रतियोगिता – कास्यं पदक 3. हर्षिता प्रजापति– राज्य स्तरीय कुश्ती खेलों एम.पी. प्रतियोगिता– कास्यं पदक 4. हर्षिता प्रजापति– राज्य स्तरीय कुश्ती ओपन प्रतियोगिता – स्वर्ण पदक 5. पवन बंसल – राज्य स्तरीय कुश्ती शालेय प्रतियोगिता – कास्यं पदक 6. पवन बंसल – राज्य स्तरीय कुश्ती खेलों एम.पी. प्रतियोगिता – कास्यं पदक 7. करन रैकवार– राज्य स्तरीय कुश्ती शालेय प्रतियोगिता – स्वर्ण पदक 8. महेन्द्र रैकवार– राज्य स्तरीय कुश्ती शालेय प्रतियोगिता – कास्यं पदक 9. मुस्कान रैकवार – राज्य स्तरीय कुश्ती शालेय प्रतियोगिता – रजत पदक 10. अनुस्का पटेरिया – राज्य स्तरीय कुश्ती शालेय प्रतियोगिता – रजत पदक 11. तनु रैकवार– राज्य स्तरीय कुश्ती शालेय प्रतियोगिता – रजत पदक 12. शुभी योगी – राज्य स्तरीय कुश्ती ओपन एवं शालेय प्रतियोगिता– रजत पदक

क्र.	आयोजन/ गतिविधियों की जानकारी	विवरण
ब	शा.उत्कृष्ट उ.मा.वि.बीना को कबड्डी मेट्स प्रदाय	बीना विधानसभा क्षेत्र के कबड्डी खेल के खिलाड़ियों के प्रशिक्षण हेतु शा.उ.मा.वि. बीना में कबड्डी मेट्स प्रदाय किये गये है। विभागीय समन्वयक के माध्यम से खिलाड़ियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया जाता है।
स	अन्य अस्थाई खेल सामग्री प्रदाय	विभागीय संविदा समन्वयक ग्रामीण युवा केन्द्र बीना मे श्रीमती डॉली अवस्थी द्वारा नियमित रूप से खिलाड़ियों को खेलो का प्रशिक्षण दिया जाता है। तथा उनकी मांग अनुसार जिला कार्यालय द्वारा ग्रा.यु.के. के संचालन हेतु खेल सामग्री प्रदाय की जाती है।
6	ओपन जिम स्थापित	विधानसभा क्षेत्र बीना के निवासियों को स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुऐ, नरसिंह मंदिर प्रांगण बीना में ओपन जिम स्थापित किया गया है। जिसमें सुबह एवं सांय बीना क्षेत्र के निवासी व्यायाम करते है।

20/1/24

संचालक
खेल और युवा कल्याण,
मध्यप्रदेश